भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 05.11.2022

माननीय रेलमंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने किया आरेडिका दौरा

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना,रायबरेली में दिनांक 05.11.2022 को श्री अश्विनी वैष्णव माननीय रेलवे, संचार और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने फैक्ट्री परिसर का दौरा किया। इस दौरान आरेडिका के महाप्रबंधक श्री एस.एस.कलसी ने मंत्री महोदय, को आरेडिका में विभिन्न प्रकार के कोचों के निर्माण एवं प्रोद्योगिकी के बारे में, अवगत कराया।

मंत्री महोदय , ने सम्बोधन में आरेडिका के कोचों की तकनीकी, डिजाइन एवं गुणवत्ता की तारीफ की और आगे कहा कि वन्देभारत कोचों का निर्माण अप्रैल माह से एक बड़े स्तर पर आरेडिका में होने लगेगा। मोदी जी के सपनों और रेलवे के विकास में आरेडिका महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भविष्य में आरेडिका यूरोप के देशों में भी निर्यात करेगा। इकोनोमी कोचों का सफाई कर्मी महिलाओं के द्वारा फीता कटवाकर उद्धाटन कराया।

कारखाना निरीक्षण के दौरान उन्होने आरेडिका में बन रहे वन्देभारत ट्रेनसेटस् के निर्माण अवसंरचना एवं वन्देभारत ट्रेनसेटस् के मोटरकोच का निरीक्षण किया जिससे वन्देभारत ट्रेनसेटस् का नियमित उत्पादन प्रारम्भ को सके आगे इसी कड़ी में शेल असेम्बली लाइन में पूर्णतः स्वचालित मशीनों जैसे सीएनसी मशीन, लेजर कटिंग बेल्ड़िग मशीन, फाइवर लेजर कटिंग मशीन, रोवोट बेल्ड़िग मशीन, एवं व्हीलशॉप में स्वचालित व्हीलसेट मशीनों को देखा।

इसके बाद इकोनॉमी कोचों की फनिर्शिंग देखी, और उन्होने एसी इकोनॉमी क्लास के कोचों को हरी झण्ड़ी दिखा कर रवाना किया। एसी इकोनॉमी क्लास के कोचों को नवीनतम तकनीक से निर्मित किया गया है जिसमें यात्रियों को सुविधाजनक एवं सुरक्षित यात्रा प्रदान करने केलिए अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने के साथ–साथ दिव्यांग यात्रियों की सुविधा केलिए चौड़े प्रवेश द्वार एवं शौचालयों का निर्माण किया गया है। एसी इकोनॉमी क्लास के कोचों में बर्थ की संख्या 80 है।

इस अवसर पर आशुतोष गंगल महाप्रबंधक उ0रे0, एवं रायबरेली जिला प्रशासन के अधिकारियों सहित आरेडिका के उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

05/11/2022
(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी